कूपर्टीनो ‘सेफ़ रूट्स 2 स्कूल’ विवरणिका

(आंतरिक)

हमारे बारे में

कूपर्टीनो ‘सेफ़ रूट्स 2 स्कूल’ (SR2S) कार्यक्रम ट्रैफिक को घटा कर और सड़कों की हालत बेहतर बना कर छात्रों की सुरक्षा को बढ़ाता है, जिससे अधिक छात्र पैदल चल सकें, रोल कर सकें, और स्कूल के लिए कारपूल कर सकें.

कूपर्टीनो SR2S ‘सिटी ऑफ़ कूपर्टीनो’, कूपर्टीनो यूनियन स्कूल डिस्ट्रिक्ट, फ्रेमोंट यूनियन हाई स्कूल डिस्ट्रिक्ट, कूपर्टीनो के स्कूलों और शेरिफ़ ऑफिस के बीच हुई एक ऐसी साझेदारी है जो वाहनों के अत्यधिक ट्रैफ़िक से होने वाली स्वास्थ्य- और सुरक्षा-संबंधी समस्याओं को हल करने के लिए समाज को एकजुट करती है.

कैसे हों शामिल

चेकलिस्ट को देखिए और तय कर लीजिए कि आप अपने स्कूल या मोहल्ले में ‘सेफ़ रूट्स एडवोकेट’ कैसे बनेंगे!

→ अपनी जानकारी बढ़ाइये:

- ☐ इन वेबसाइटों को देखें:
  - ☐ Saferoutespartnership.org
  - ☐ Cupertino.org/saferoutes
- ☐ कूपर्टीनो SR2S वर्किंग ग्रुप में शामिल हों
  - ☐ ग्रुप में शामिल होने की प्रार्थना भेजने के लिए saferoutes@cupertino.org पर ई-मेल करें
- ☐ SR2S कार्यक्रम के बारे में जानकारी, इवेंट्स और अपडेट संबंधी ई-मेल पाने के लिए साइन-अप करें
  - ☐ (saferoutes@cupertino.org)

→ ख़बर फैलाइये!

- ☐ कूपर्टीनो ‘सेफ़ रूट्स 2 स्कूल’ के बारे में अपनी वेबसाइट पर जानकारी दें
- ☐ SR2S का सुरक्षा लेख अपने स्कूल के समुदाय, दोस्तों, और पड़ोसियों से साझा करें
- ☐ SR2S वर्किंग ग्रुप में शामिल हों तथा अन्य माता-पिताओं को इसमें शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करें
- ☐ SR2S के फ़्लायर प्रिंट कर के अपने मित्रों/पड़ोसियों को दें!

→ चल पड़िये!

- ☐ अनुभव और उत्साह बढ़ाने के लिए सप्ताहांत में साइकिल चलाएँ!
- ☐ अपने दोस्तों और परिवार के साथ बाइक राइड आयोजित करें!
- ☐ अपने बच्चे(बच्चों) को स्कूल तक पैदल चलने या रोल करने लिए प्रोत्साहित करें
- ☐ अपने बच्चों के साथ स्कूल तक पैदल या साइकिल से जाएँ
- ☐ अपने काम पर पैदल या साइकिल से जाएँ

कूपर्टीनो ‘सेफ़ रूट्स 2 स्कूल’ विवरणिका

→ इवेंट आयोजित कीजिये या उनमें शामिल होइये:

- ☐ **कूपर्टीनो के वार्षिक बाइक फ़ेस्ट में शामिल हों (प्रत्येक पतझड़ में आयोजित)**
- ☐ ‘सिटी’ द्वारा आयोजित बाइक राइड में अपने बच्चों के साथ शामिल हों
- ☐ अपने स्कूल में एक ‘बाइक रोडियो’ आयोजित करने में मदद करें (saferoutes@cupertino.org पर ई-मेल करें)
- ☐ अपने स्कूल में मासिक ‘वॉक डे’ और ‘रोल डे’ आयोजित करें (जैसे- “वॉकिंग वेन्सडे”)
- ☐ ‘नेबरहुड कारपूल’ ‘वॉकिंग कारपूल’ या ‘बाइक पूल’ शुरू करें!
- ☐ अपनी अगली ब्लॉक पार्टी में एक SR2S इवेंट आयोजित करने की प्रार्थना करें

यह कैसे काम करता है?

कूपर्टीनो ‘सेफ़ रूट्स 2 स्कूल’ इन **छह रणनीतियों** द्वारा बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य में वृद्धि करता है:

1. शिक्षा: कूपर्टीनो के स्कूलों में जाने वाले बच्चों और माताओं-पिताओं के लिए मोटर चालकों, पैदल चालकों और साइकिल से सम्बंधित जानकारी बढ़ाता है
2. प्रोत्साहन: शहर-व्यापी, ज़िला-व्यापी और विशिष्ट रूप से स्कूल-संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा सक्रिय आवागमन गतिविधियों को प्रोत्साहित करता है
3. मूल्यांकन: मापता और मूल्यांकित करता है कि कूपर्टीनो में छात्र स्कूल कैसे आते-जाते हैं, तथा कार्यक्रम के उद्देश्यों को मूर्त रूप देने के लिए इन नतीजों का प्रयोग करता है
4. इंजीनियरिंग - कूपर्टीनो को अधिक पैदल चलने योग्य और साइकिल चलाने योग्य बनाने के लिए बुनियादी ढाँचे को सुधारता है
5. प्रवर्तन - कानून प्रवर्तकों से सहयोग करके सुनिश्चित करता है कि यातायात के नियमों का पालन हो रहा है
6. समता- सामाजिक और स्वास्थ्य समता पर विशेष ध्यान देकर सुनिश्चित करता है कि सभी स्कूल और निवासी SR2S में भाग ले सकें और इसका फ़ायदा उठा सकें

(बाहरी)

SR2S के लाभ:

- बाइक रोडियो और ऑन-बाइक स्किल्स के प्रशिक्षण
- ‘सिटी’ द्वारा संरक्षित पारिवारिक बाइक राइड्स
- सामुदायिक बाइक शिक्षा कार्यक्रम
- बाइक शिक्षा वीडियो
- साइकिल-सवारों, पैदल चालकों, मोटर चालकों के लिए सुरक्षा-संबंधी टिप्स की शीट
- स्कूलों में ‘वॉक टु’ और ‘बाइक टु’ दिनों का आयोजन
- ‘स्कूल के लिए सुझाए गए मार्ग’ मानचित्र
- वर्किंग ग्रुप की मासिक बैठकें
- स्कूल स्थलों और उनके आसपास की जगह के ‘वॉक ऑडिट’
- PTA तथा स्कूल के इवेंट्स में प्रेज़ंटेशन
- स्कूलों के लिए बाइक रैक
- छात्रों के लिए मुफ़्त हेलमेट आबंटन
- स्कूलों के लिए छात्रों के मोड-शेयर की रिपोर्टें

- और भी बहुत कुछ!

हमारे स्टाफ़ से मिलें!

SR2S की सामुदायिक कोऑर्डिनेटर, चेलसी ‘बाइक-लेन’ बिक्लेन

संपर्क सूचना:

फ़ोन: (408) 777-7609

ई-मेल : chelseab@cupertino.org